जागरण स्कूल आफ ला की मूट कोर्ट में राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा

- वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने किया उद्घाटन
- कुलपति ने विधि विषय में भविष्य एवं जवाबदेही जैसे मुद्दों पर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया

जागरण संवाददाता, देहरादून : जागरण स्कूल आफ ला देहरादून की दो दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में 14 टीमों ने विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर खुलकर चर्चा की और पक्ष और विपक्ष में अपने-अपने विचार रखे। प्रतियोगिता का उद्घाटन वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह और संस्थान के उपाध्यक्ष धनंजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने तकनीकी और विधि विषय के मध्य संबंध, विधि पाठ्यक्रम के द्विभाषी होने, विधि विषय में भविष्य एवं जवाबदेही जैसे मुद्दों पर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने प्रबंधन और संकाय सदस्यों को कार्यक्रम के बेहतरीन आयोजन के लिए सराहना की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष धनंजय कुमार ने छात्र-छात्राओं को उचित तरीके से प्रतिभाग करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के संयोजक असिस्टेंट प्रोफेसर ऐश्वर्या सिंह ने प्रतियोगिता से संबंधित समस्त नियम एवं शर्तों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को श्रम न्यायालय देहरादून के पीठासीन अधिकारी राकेश सिंह को संस्थान के उपाध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

जागरण स्कूल आफ ला देहरादून में आयोजित दो दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित करते अतिथिगण • जागरण

कृतिका चौहान और आयुषि लाल रहीं विजेता

मूट कोर्ट की विजेता कृतिका चौहान और आयुषि लाल रहीं। अभिनय बाजपेयी व योगिता शर्मा को उपविजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम के अंत में ऐश्वर्या सिंह ने धन्यवाद प्रेषित किया। मूट कोर्ट कमेटी में अंकिता प्रमाणिक, अभिषेक शर्मा व अन्य छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।